हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025 जींद

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

16 धान की उचित खरीद ना होने से गुस्साए किसान


15 पुंडरीक तीर्थ पर दिवाली मेले की तैयारियां संपन्न














आज लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 07:08 से लेकर रात 08:18 के बीच

# धूमधाम से मनाई छोटी दीवाली

## बाजारों में उमड़ी भीड़, शहर में पुलिस रही सतर्क

**पटाखे चलाने से करें परहेज, सिर्फ दीये जलाएं : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। दीपावली पर्व पर बाजार में उमड़ी भीड़। फोटो :हरिभूमि

जिलेभर में रविवार को छोटी दीपावली का पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ सुबह ही बाजार में पहुंचना शुरू हो गई। दिन चढने के साथ ही बाजार पूरी तरह से ग्राहकों से गुलजार हो गया। बाजार में ऐसी कोई दुकान नहीं थी जहां ग्राहक न हों। दुकानदारों ने अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए अनेक स्कीमें शुरू की हुई थी। जिसके चलते बाजार में आए लोगों ने भी इन स्कीमों का जम कर लाभ उठाया। बाजार में ग्राहकों को लुभाने के लिए हर दुकानदार ने अपनी दुकान के आगे सेल लगाई हुई थी। सेल पर मौजूद लड़के चिल्ला-चिल्ला कर कहीं हर माल सौ-सौ रुपये में तो कहीं 150-150 रुपये की आवाजें लगा रहे थे। इसके अलावा कहीं एक कमीज के साथ एक गिलास मुफ्त मिल रहा था तो कहीं कूपन सिस्टम के माध्यम से लोगों को रिझाया जा रहा था। दोपहर होते-होते बाजार में लोगों की इतनी भीड़ जमा हो गई कि आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में वाहन न प्रवेश कर पाएं, इसके लिए जगह-जगह नाके लगाए गए थे। जिन पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुरक्षा को लेकर प्रशासन के रहे पुख्ता इंतजामः दीवाली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। वहीं किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपातकालीन सेवाओं के अलावा दमकल विभाग पूरी तरह से अलर्ट पर रहा। पुलिस कर्मचारी बाजार, शहर के सभी चौराहों पर सुबह से ही तैनात रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बाजार व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त को बढाया गया था। दीवाली को लेकर शहर में पूरा दिन चहल-पहल रही और दुकानदारों द्वारा लगाई गई सेलों पर से जमकर खरीददारी की। पूरा दिन मेन बाजार, पालिका बाजार, जनता बाजार, तांगा चौक, झांझ गेट के आसपास क्षेत्र में काफी भीड़ रही। पैदल चलने में भी लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी।

### साधक को शुभ फल की प्राप्ति

पूजा का शुभ मुहुर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से 08 बजकर 18 मिनट तक : शास्त्री जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीवाली मनाई जाती है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। इससे साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार दीपावली पर्व पर पूजा का शुभ मुहुर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से 08 बजकर 18 मिनट तक है।

### परंपरागत तरीके से मनाएं दिवाली

डीसी उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। लोगों को पटाखे चलाने से परहेज करना चाहिए। बहुत से लोग दमा, हर्ट, सांस, आंखों आदि की बीमारी से ग्रस्त हैं और धुएं व शोर से यह बीमारी और भी बढ़ जाती है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वह ऐसे लोगों को अपने परिवार के सदस्य मान कर पटाखे चलाने से परहेज करें, केवल दिए जलाएं। दीपावली दीपों का त्यौहार है और इसे परंपरागत तरीके से मनाएं।



### धनतेरस पर्व मनाया

शास्त्रों के अनुसार शनिवार को धनतेरस का त्योहार भी मनाया गया। ऐसे में जिन लोगों ने धनतेरस का त्योहार मनाया उन्होंने ज्वैलरी, वाहन और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की खरीद की। लोगों ने सेल के माध्यम से ब्रांडिड आइटमों की खरीददारी की। इसके साथ ही महिलाओं ने स्टील के बर्तनों, रसोई सामान, कपड़े तथा अन्य सजावटी सामान खरीदा। शहर में लगभग पांच दर्जन बर्तनों की दुकानें हैं।

# गांव नगूरां की पंचायत ने पुलिस से बाजार में गश्त बढ़ाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नगूरां पुलिस को मांग पत्र सौंपते सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़।

त्योहार को देखते नगूरां पंचायत ने रविवार को सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़ के नेतृत्व में सुरक्षा की मांग को लेकर एक पत्र नगूरां पुलिस एएसआइ सुभाष को सौंपा है। पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि से बाजार में गश्त बढाने का आश्वासन दिया है। पुलिस को सौंपे मांग पत्र में सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगूरां बाजार में काफी भीड़ है। जिसके कारण आवारा किस्म के शरारती तत्व किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पंचायत ने पुलिस से एक आग्रह ओर किया है कि बाजार में खरीददारी को लेकर भीड़ ज्यादा है और बड़े वाहन चालक स्पीड में बाजार से गुजर रहे हैं। जिसके कारण दुर्घटना होने का खतरा भी बना हुआ है। पुलिस को चाहिए कि बड़े वाहनों को बाजार से डायवर्ट कर बाइपास निकाला जाएं ताकि कोई घटना न हो।

### सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने विधानसभा डिप्टी स्पीकर को सौंपा मांगपत्र

**जींद।** सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने रविवार को विधानसभा डिप्टी स्पीकर एवं विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कंप्यूटर लैब सहायकों ने सर्विस सिक्योरिटी का पत्र जल्द जारी करने की मांग की। कंप्यूटर लैब सहायकों के जिला प्रधान सोनू दुग्गल ने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक 14 साल से कार्यरत हैं।

### सूचना

मैं, स्वाति शर्मा पुत्री श्री सुरेश कुमार निवासी अजमेर बस्ती, भिवानी रोड, जीन्द बयान करता हूं कि पहले मुझे स्वाति के नाम से जाना जाता था। अब मैंने अपना नाम स्वाति से बदलकर स्वाति शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम स्वाति शर्मा के नाम से जाना जाए।




# जनता के विश्वास पर खरी उतर रही सरकार : अत्री

**सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रुपये की बढोत्तरी से बुजुर्गों को मिलेगा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। अपने आवास कार्यकर्ताओं के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक वर्ष में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तक सरकार ने 46 संकल्प पूरे कर जनता का विश्वास जीता है। सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रुपये की वृद्धि से बुजुर्गों, दिव्यांगों और अन्य पात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और जनसंपर्क को और मजबूत बना रही है। उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री रविवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में गंभीर है। पहले ही साल में 46 संकल्प पूरे कर दिए गए हैं, जिससे लोगों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि 158 अन्य वायदों पर तेजी से काम जारी है। सीएम नायब सिंह सैनी की सरकार ने किसानों के हित में ठोस कदम उठाए हैं। हरियाणा पहला राज्य बना जिसने 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा।

### लाडो लक्ष्मी योजना शुरू

मंडियों में किसानों को भुगतान अब 72 घंटे की बजाय 48 घंटे में सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में बिना पर्ची, बिना खर्ची के सिद्धांत पर 33,949 युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गईं। वहीं 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भाजपा सरकार युवाओं को पारदर्शी व मेरिट आधारित अवसर दे रही है। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पंजीकृत लाडो बहनों को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए पंजीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। गरीब उत्थान की भावना को बल देते हुए अत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग में आरक्षण का वर्गीकरण लागू किया गया है, जिससे समाज के कमजोर तबके को न्याय और समान अवसर मिल रहे हैं।

# साइबर ठगों ने 9 लाख 96 हजार ठगे, केस दर्ज

**कैथल।** साइबर ठगों द्वारा कैथल के एक व्यक्ति से 996000 की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महादेव कॉलोनी कैथल के गुलशन ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अनाज मंडी में कर्मचारी है। उसने बताया कि 17 अगस्त 2025 को उसके मोबाइल पर एक फोन आया था। उसने कहा कि वे बैंक से बोल रहे हैं। उसने कहा कि आपका पैन नंबर या डेबिट कार्ड नंबर दो। उसने सोचा कि यह वास्तव में बैंक कर्मचारी हैं। उसके द्वारा आरोपियों को सभी जानकारी दे दी गई। कुछ समय में उसका मोबाइल नंबर उसके मोबाइल से डिलीट हो गया तथा उसके मोबाइल पर मैसेज आने शुरू हो गए। उसने कहा कि आपका पैन नंबर या डेबिट कार्ड नंबर दो। उसने सोचा कि यह वास्तव में बैंक कर्मचारी हैं। उसके द्वारा आरोपियों को सभी जानकारी दे दी गई। कुछ समय में उसका मोबाइल नंबर उसके मोबाइल से डिलीट हो गया।







# गुरूकुल खेड़ा के अशोक ने बोशिया फेडरेशन कप में जीता कांस्य पदक

**अशोक की उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गुरूकुल खेड़ा के बोशिया खिलाड़ी अशोक कुमार ने इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा-2025 के दौरान आयोजित पहले बोशिया पर्पल फेस्ट फेडरेशन कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीसी-3 पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता नौ से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम, पणजी में आयोजित हुई। आयोजन का संचालन बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया, इसमें गोवा राज्य दिव्यांगजन आयोग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (भारत सरकार) और संयुक्त राष्ट्र भारत का सहयोग रहा। अशोक कुमार ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन नियंत्रण, सटीकता और धैर्य का प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन उनकी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस आयोजन के माध्यम से देशभर के खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया और बोशिया खेल को नई पहचान दी। संगठन का यह प्रयास दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से आगे बढने का अवसर दे रहा है। अशोक की यह उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय है और उन सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को पाने की कोशिश कर रहे हैं।



उचाना। लार्ड कृष्णा स्कूल में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता। फोटो :हरिभूमि

### पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया

**उचाना।** छात्तर के लार्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियागिता का आयोजन किया। प्राचार्य बलवंत राय द्वारा विद्यार्थियों को सच्ची सन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार आपसी मेल जोल बढ़ता है, ये हमारे गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्य अमन कुमार, सुशील कुमार, राजेश, सुरजीत, पवन कुमार मौजूद रहे।






तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## दीपावली को लेकर सजे बाजार

**राजौंद।** दीपावली की तैयारियां पूरी हो चुकी है। बाजार व धार्मिक स्थल दुल्हन की तरह लाइटों से चमचमा रहे है। रविवार को लोगों ने छोटी दीपावली के दिन भी खूब खरीददारी की, वहीं मिठाइयों की दुकानों पर मिठाई खरीदने वालों की भीड़ जगह जगह देखी गई। कैथल अंसध व पूंडरी चौंक पर सजी मिठाइयों की दुकानों से लोग दीपावली की शुभकामनाएं देने के साथ साथ मिठाई के डिब्बे खरीद रहे थे, वहीं इल्ट्रैनिक दुकानों पर बिजली से संबधित समान खरीदने वालों की भीड़ पूरा दिन लगी रही। जहां लोग धन तेरस पर लोग बर्तनों व सोने चांदी को खरीदना शगुन समझते है, वहीं दीवाली से एक दिन पूर्व मिठाई के डिब्बे लोग भारी संख्या में खरीदकर लोगों को दीपावली की बधाई के साथ साथ ड्राई फ्रूट के डिब्बे भी लोगों को उपहार रूप देते है।

# पुंडरीक तीर्थ पर दिवाली मेले की तैयारियां संपन्न, 5100 दीपों से जगमगाएगा परिसर

## भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे मुख्य आकर्षण

**तीर्थ क्षेत्र को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुंडरीक तीर्थ पर इस वर्ष दीपावली मेला भव्य और दिव्य रूप में मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सोमवार शाम 5 बजे से 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में श्रद्धालु और नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। तीर्थ परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमग कर दिया गया है। मंदिरों की लिपाई-पुताई के साथ-साथ तीर्थ में स्वच्छ जल व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे तीर्थ क्षेत्र को रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से सजाया गया है, जो दर्शकों के लिए मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करेगा।


पूंडरी। पुंडरीक तीर्थ पर मेले की तैयारियां पूर्ण। फोटो :हरिभूमि

### सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बनेगा

इस बार विधायक सतपाल जांबा की अपील पर पहली बार पुंडरीक तीर्थ पर दीपावली मेला आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर 5100 दीपों का प्रज्ज्वलन, भव्य आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय कर्मचारी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। पूरे तीर्थ परिसर में सफाई, लाइटिंग और मंच व्यवस्था का कार्य जोरों पर चला हुआ है। आयोजन समिति ने बताया कि यह दीपावली मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बनेगा। स्थानीय लोगों में भी मेले को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। सोमवार शाम को जब 5100 दीपों की रौशनी पुंडरीक तीर्थ को आलोकित करेगी, तो यह दृश्य भक्तों के लिए एक दिव्य अनुभव होगा


दीपावली पर्व के दौरान जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल के विद्यार्थी।







# दीपों की रौशनी में खिला जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल

**दीपावली पर्व पर सांस्कृतिक और खेल प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

धन्ना भगत ऑडिटोरियम हॉल में दीपावली के शुभ अवसर पर जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय परिसर दीपों की जगमगाहट और छात्रों की उमंग से पूर्णतः आलोकित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता एवं स्कूल समिति के पदाधिकारियों—प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, सचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन तथा कार्यकारिणी सदस्य जसवीर, सत्यवान माजरा, राजपाल, सन्नी, स्वतंत्र पाल, दलबीर, विक्रम, महावीर कुंडू, महावीर रावीश और रजत रापड़िया—की गरिमामयी उपस्थिति में परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन की जिम्मेदारी कक्षा 12वीं की छात्राओं भूमिका और मुस्कान ने बहुत सफलतापूर्वक निभाई। कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने 'माई फ्रेंड गणेशा' गीत पर आकर्षक नृत्य, चौथी से सातवीं तक के छात्रों ने 'जिओ केसरी के लाल' पर देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति एवं छठी से बारहवीं के बच्चों ने 'अवध सजाया है' गीत पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया, साथ ही रामायण पर आधारित नाट्य मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मंच पर प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।




सत्यमेव जयते सत्य की सदा जीत होती है।

आर्य समाज, आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर्य कन्या महाविद्यालय और एमडीएन पब्लिक स्कूल नरवाना की ओर से सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

5 साल के लंबे संघर्ष के बाद फिर लौट आई हैं वही ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुरानी प्रबंधन समितियां, वही विख्यात प्रिंसिपल्स।

फिर होंगे समाज सेवा के कार्य, स्कूलों में फिर बनेगा शैक्षणिक वातावरण, निखरेगा आपके बच्चों का भविष्य और स्कूल फिर छुएंगे बुलंदियां।

19 सितम्बर 2025 को प्रशासन ने हटाया आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा का अवैध कब्जा और स्कूलों का चार्ज सौंपा इनका संचालन करने वाली स्थानीय सोसाइटियों को क्या है मामला ? किसको है इन स्कूलों के संचालन का अधिकार ?


स्वामी दयानंद सरस्वती

आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरवाना, आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना और महर्षि दयानंद शिक्षा समिति नरवाना नामक रजिस्टर्ड सोसाइटियों को है यह अधिकार न कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा को । क्यों ? क्योंकि हरियाणा स्कूल एजुकेशन नियमावली, 2003 के नियम 32 के अनुसार किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल के संचालन का अधिकार प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अप्रूव्ड मैनेजिंग कमेटी को होता है। स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा ने आज तक कभी भी आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के इन स्कूलों के संचालन के अधिकार के दावे को स्वीकार नहीं किया। विभाग ने इस विषय में दो बार जांच करवाई। पहली वर्ष 2009 में और दूसरी वर्ष 2021 में । दोनों ही जांच कमेटियों ने आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के दावे को खारिज कर दिया । आर्य प्रतिनिधि सभा ने 2008 में भी की थी इन स्कूलों पर कब्जे की नापाक कोशिश । माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर लगा दिया गया था एडमिनिस्ट्रेटर। जिसने हमारी सोसाइटियों में से करवाए थे मैनेजिंग कमेटियों के चुनाव । जिन्हें शिक्षा विभाग ने दे दी थी अप्रूवल । वर्ष 2014 में फिर हमारी सोसाइटियों में से ही मैनेजिंग कमेटियों का चुनाव हुआ जिन्हें शिक्षा विभाग ने अप्रूवल दे दी थी और वर्ष 2017 में भी ऐसा ही हुआ। फिर आया 2020, आर्य प्रतिनिधि सभा ने स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा को गुमराह करके उसके द्वारा मनोनीत की गई इन स्कूलों की मैनेजिंग कमेटियों को अप्रूव करवा लिया। यद्यपि यह पूरी तरह से गलत था, लेकिन इन विद्यालयों की प्रबंध समितियों को दिए गए अनुमोदन के आदेश के आधार पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक ने दिनांकः 17/11/2020 को विद्यालयों का कब्जा ले लिया। जब हमने निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला को वस्तु स्थिति से अवगत करवाया तो उन्होंने आदेश दिनांक 11/12/2020 के अनुसार इस अप्रूवल को स्थगित कर दिया और मामले की जांच के लिए एक जांच कमेटी का गठन किया। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा रोहतक द्वारा गठित इन स्कूलों की प्रबंध समिति को गैरकानूनी करार देते हुए इसे दी गई मंजूरी वापस लेने की सिफारिश की जबकि इन स्कूलों का संचालन उपरोक्त रजिस्टर्ड सोसाइटियों द्वारा करने के तथ्य पर स्वीकृति की मोहर लगाते हुए इनके द्वारा गठित इन स्कूलों की प्रबंध समितियों को अप्रूवल देने की सिफारिश की । इस जांच रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक द्वारा गठित इन विद्यालयों की प्रबंध समितियों को दी गई अप्रूवल दिनांक 16.04.2021 को वापस ले ली और बाद में हमारी सोसाइटियों द्वारा गठित प्रबंध समितियों को दिनांक 27.04.2023 के आदेशानुसार अप्रूवल प्रदानकर दी, जिसमें यह स्पष्ट रूप से दर्ज किया गया कि इन स्कूलों का संचालन हमारी रजिस्टर्ड सोसाइटियों करती हैं और इस प्रकार इन विद्यालयों पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक का दावा पूरी तरह से खारिज कर दिया गया। उन्होंने आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक द्वारा मनोनीत इन स्कूलों की प्रबन्धक समितियों को धोखे से अप्रूवल दिलवाने के लिए डीईओ जीन्द सहित पांच अधिकारियों-कर्मचारियों को चार्जशीट भी किया। यद्यपि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, रोहतक ने जिस निदेशक के दिनांक 11/11/2020 के आदेश के आधार पर स्कूलों पर कब्जा कर लिया था, अब उसी निदेशक के आदेश दिनांक 27/04/2023 को न मानते हुए स्कूलों का कब्जा छोड़ने से इन्कार कर दिया। बाद में सोसाइटियों पर प्रशासक लगा दिया गया। तत्कालीन प्रशासक-सह-एसडीओ (नागरिक) नरवाना ने 24 दिसंबर 2024 को सोसाइटियों के चुनाव करवाए । प्रशासक की देखरेख में तीनों स्कूलों की नई प्रबंध समितियों का गठन हुआ । निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला के दिनांक 12/02/2025 के आदेशानुसार इन नवगठित प्रबंध समितियों को अप्रूवल प्रदान कर दी गई, जिसमें यह दोहराया गया कि इन स्कूलों का संचालन हमारी रजिस्टर्ड सोसाइटियां करती हैं। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा ने निदेशक के दिनांक 12/02/2025 के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए, बाहुबल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालयों का कार्यभार छोड़ने से एक बार फिर इन्कार कर दिया। यह आश्चर्यजनक और एक तरह से प्रशासन का उपहास था कि सभा ने उस प्राधिकारी अर्थात निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, जिसके आदेशों के आधार पर उसने विद्यालयों पर कब्जा किया था, के आदेशों का पालन करने से इन्कार कर दिया ।

हमने उपायुक्त, जींद को एक आवेदन दिया, जिसमें उन्हें स्थिति से अवगत कराया और निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा द्वारा अनुमोदित प्रबंध समितियों को स्कूलों का प्रभार सौंपने के लिए कार्रवाई करने का अनुरोध किया । जब उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की तो हमने माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में सी.डब्ल्यू.पी. संख्या 15215/2025 दायर की जिस पर कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने दिनांक 19/09/2025 को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल की उपस्थिति में हमारी रजिस्टर्ड सोसाइटियों को स्कूलों का चार्ज सौंप दिया।

**क्या मलकियत का कोई मसला है ?**

**नहीं, बिल्कुल नहीं क्योंकि जिस जमीन पर ए स्कूल स्थित हैं उसमें से एक इंच भी जमीन रिकॉर्ड में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के नाम पर दर्ज नहीं है। स्कूलों की मलकियत का विवरण इस प्रकार है-**

1. जिस जमीन पर आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित है वह जमीन 18 कनाल 4 मरले है। यह जमीन सेल डीड 336 दिनांक 10.01.1951 द्वारा बाबू कुलवंत राय एडवोकेट मैनेजर की मार्फत जयप्रकाश, कलवंत राय, खजांची, बदरी पुत्रान रामकिशन से आर्य कन्या पाठशाला नरवाना के नाम पर खरीदी गई थी।
2. जिस जमीन पर वर्तमान में आर्य कन्या महाविद्यालय स्थित है उसकी माप 15 कनाल 9 मरले है। यह जमीन श्री तेज राम ने वर्ष 1957 से पहले आर्य कन्या पाठशाला को दान दी थी और रेवेन्यू रिकॉर्ड में यह जमीन आर्य कन्या पाठशाला के नाम पर ही दर्ज है।
3. जिस जमीन पर एमडीएन पब्लिक स्कूल स्थित है उस जमीन पर पहले आर्य कन्या महाविद्यालय स्थित था। इस जमीन में से 4 कनाल 3 मरले जमीन रेवेन्यू रिकॉर्ड में आर्य कन्या पाठशाला के नाम पर दर्ज है और 3 कनाल 9 मरले जमीन हरियाणा सरकार ने वर्ष 1983 में आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना को ट्रांसफर की थी।

वर्ष 2008 में जब आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा ने गैर कानूनी प्रबंधन समितियां बनाकर उपरोक्त तीनो स्कूलों पर कब्जा कर लिया गया था तब दिनांक 29/12/2008 को एमडीएन पब्लिक स्कूल नरवाना के नाम पर ढाकल रोड पर 28 कनाल 18 मरले भूमि खरीदी गई थी जिसका पूरा भुगतान स्कूल के खाते से किया गया था। सेल डीड में गैर कानूनी ढंग से यह लिखवा दिया गया कि यह विद्यालय आर्य विद्या परिषद हरियाणा, रोहतक द्वारा संचालित है।

सेल डीड में यह लिखवा देने मात्र से सभा का स्कूल पर अधिकार नहीं हो जाता क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्कूल स्थापित करने के सर्टिफिकेट में साफ तौर पर लिखा हुआ है कि इस स्कूल की स्थापना महर्षि दयानंद शिक्षा समिति, नरवाना द्वारा की गई है और मान्यता देने के आदेश में भी यह बात साफ तौर पर लिखी हुई है कि इसका संचालन महर्षि दयानंद शिक्षा समिति, नरवाना करती है।

इस संघर्ष में श्री भारत अग्रवाल, डॉक्टर विनोद, श्री सुन्दर बाता और श्री पवन बेलरखा हमारे विशेष सहयोगी हैं।

निवेदक :—

इंद्रजीत (प्रधान), जोगी राम (उप-प्रधान), विजय कुमार (महासचिव), उमेश चंद (सह-सचिव), अश्वनी कुमार (कोषाध्यक्ष)
आर्य समाज, नरवाना, जिला जीन्द, हरियाणा
रजिस्ट्रेशन नम्बर:पुराना 58 ऑफ 2008, नया **HR-JND-2013-00050**

अनिल आर्य (प्रधान), विनीत कुमार (उप-प्रधान), महावीर आर्य (मैनेजर), योगेन्द्र पाल (कैशियर), रघुभूषण लाल गुप्ता (प्रिंसिपल)
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नरवाना, जिला जीन्द, हरियाणा
संचालक : रजिस्टर्ड सोसाइटी आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरवाना
( रजिस्ट्रेशन नम्बरः पुराना 73 ऑफ 1976-77, नया **HR-JND-2013-00047** )

रमेश कुमार (प्रधान), रणवीर (उप-प्रधान), अनुराग कुमार (मैनेजर), भारत भूषण (सहायक मैनेजर), उमेश चन्द (कैशियर), उषा मित्तल (प्रिंसिपल)
आर्य कन्या महाविद्यालय, नरवाना, जिला जीन्द, हरियाणा
( रजिस्ट्रेशन नम्बरः पुराना 100 ऑफ 1972-73, नया संचालक : रजिस्टर्ड सोसाइटी आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना **HR-JND-2013-00048** )

भगवान दास (प्रधान), भारत भूषण (उप-प्रधान), योगेश कुमार (मैनेजर), रणवीर (सहायक मैनेजर), योगेन्द्र पाल (कैशियर), सुनीता नारंग (प्रिंसिपल)
एमडीएन पब्लिक स्कूल, नरवाना, जिला जीन्द, हरियाणा
संचालक : महर्षि दयानंद शिक्षा समिति नरवाना
( रजिस्ट्रेशन नम्बरः पुराना 873 ऑफ 1996-97, नया **HR-JND-2013-00046** )

नरेश चंद, विवेक आर्य एडवोकेट, जोगी राम, प्रदीप गुप्ता, आमोद कुमार, आदित्य कुमार, सुभाष, विनोद गर्ग, संजय चौधरी, अभिषेक आर्य, संगीता आर्य, अचिंत कुमार, संदीप, प्रणव आर्य, पूनम, नकुल गौड़, गौतम गर्ग, प्रियंका सदस्य आर्य समाज की कार्यकारिणी / स्कूलों की प्रबन्ध समितियां

# धान की उचित खरीद ना होने से गुस्साए किसान, नारेबाजी

## भाकियू नेताओं ने किया अनाज मंडी कलायत का दौरा

सेलर संचालकों से मिलीभगत कर किसानों को लूटा जा रहा


भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी अनाज मंडी का दौरा करते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने रविवार को कलायत अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुना व अधिकारियों से धान खरीद को लेकर जवाबतलबी की। चढ़ूनी सरकारी ख़रीद एजेंसी के दफ़्तर गए और ख़रीद इंस्पेक्टर संदीप सिंह से कहा कि 17 माउचर धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्यों नहीं ख़रीदा जा रहा। इस पर इंस्पेक्टर ने कहा कि आज रविवार का अवकाश है कल ख़रीद शुरू की जाएगी। चढ़ूनी ने किसानो को भी कहा कि अगर कल ये अधिकारी अगर 17 माउसचर की धान सरकारी रेट से कम खरीद करे तो इनकी उसी वक्त तसल्ली से पिटाई कर दे।इसके विपरीत उत्तर प्रदेश से सस्ते दामों में धान खरीद के हरियाणा में बेचा जा रहा है। उनकी टीम ने बड़ी संख्या ऐसे ट्रक पकड़े है जिसमें यूपी की धान मिली। प्रशासन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई ही नही कर रहा।ऐसे में ये कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार व प्रशासन की मिलीभगत से ये कार्य चल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष महाबीर चहल ने कहा कि सेलर संचालकों से मिलीभगत करके किसानों को लूटा जा रहा है। धान को मनमाने भाव पर खरीदा जा रहा है।यह बिल्कुल ग़लत है। सरकार को किसानो की तरफ़ ध्यान देना चाहिए।ताकि किसानों का आर्थिक नुकसान न होने पाए। युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना व नरेंद्र मागो माजरी ने कहा कि किसान की खून पसीने व मेहनत से तैयार धान की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर न खरीद के लिए सरकार 150-200 रुपए प्रति क्विंटल कम खरीदा जा रहा है।जबकि किसानो के खाते में सरकार द्वारा निर्धारित राशि के हिसाब से पैसे आने है।इससे साफ़ है कि किसानों को लूटने में प्रशासन का भी हाथ है। इस अवसर पर पर काला खरक पाडवा, जसमेर ढांडा, सलिंदर बरटा सुंदर गिल प्योदा, दीपक चहल, लक्ष्य मौन मटौर और जोगिंदर कुंडू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करवा सेवानिवृत्त कर्मचारी से 2.50 करोड़ ठगे, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साइबर क्राइम पुलिस कैथल ने शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के नाम पर मोटा मुनाफा देकर का झांसा देकर 2 करोड़ 50 लाख 51597 की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में कैथल के हुड्डा के अनिल कुमार ने साइबर पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि वह शिक्षा विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी है। उसका एसबीआई तथा आईडीबीआई में बैंक खाता है। उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने के लिए एक विज्ञापन देखा। जहां पर उसे ज्यादा जानकारी के लिए व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन करने के बारे में बताया गया। बाद में उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया गया। आरोपियों द्वारा उसे पर एक लिंक भेजा गया। जैसे ही उसने लिंक खोला तो उसे पर जानकारी मांगी गई जो उस द्वारा पूरी कर दी गई। इसके बाद आरोपी ने उसे आधार कार्ड भेजने के लिए कहा तो उसने अपना आधार कार्ड भेज दिया तथा वीडियो कॉल पर केवाईसी के लिए वीडियो कॉल आया तो उसने केवाईसी करवा दिया। 1 सितंबर 2025 को उसे पूछा गया कि आप कितनी इन्वेस्टमेंट करना चाहते हैं तो उसने 50000 के लिए हामी भर दी।







